## खबर संक्षेप



### नालों की सफाई पर खर्च होंगे 6 करोड़ रुपये

**करनाल।** आगामी मानसून में शहर को जलभराव से बचाने के लिए नगर निगम करनाल ने व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। नगर निगम आयुक्त डॉ वैशाली शर्मा ने बताया कि सभी वार्डों में बरसाती नालों, ड्रेनों, आरसीसी पाइप लाइनों, रोड-गली चैंबर, मेनहोल और रेन वाटर हार्वेस्टर की सफाई के लिए करीब 6 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कर्ण कनाल नाला और रामनगर नाला सहित बड़े नालों की विशेष सफाई करवाई जाएगी, ताकि बरसात के दौरान पानी का प्रवाह बाधित न हो। अमृत योजना के तहत बने स्टॉर्म वाटर आईपीएस भी पूरी क्षमता से संचालित किए जाएंगे। आयुक्त ने बताया कि सफाई कार्यों के लिए 26 टेंडर तैयार किए गए हैं। इनमें से 11 टेंडर खोले जा चुके हैं, जबकि शेष टेंडरों की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून से पहले सभी कार्य समय पर पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि खुले नालों को चरणबद्ध तरीके से कवर किया जाएगा और डिस्पोजल पंपों के संचालन के लिए डीजी सेट भी किराये पर लिए जाएंगे।

### देहदान कर मानवता के लिए पेश की सर्वोच्च मिसाल

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के कंग कॉलोनी की निवासी और डेरा सच्चा सौदा की सेवादार कांता इन्सां के शरीर का दान किया गया है। 69 वर्षीय कांता इन्सां के देहांत के बाद उनके परिजनों ने उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार उनके पार्थिव शरीर को मेडिकल शोध के लिए दान किया गया है। उनके शरीर पर लखनऊ के प्रसाद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस सराय, सहजादी, बंथरा के विद्यार्थी शोध करेंगें। कांता इन्सां का गत देर रात्रि आदेश मेडिकल अस्पताल में ईलाज के दौरान देहांत हो गया था। उन्होने जीते जी डेरा सच्चा सौदा में शरीरदान का फार्म भरा हुआ था। उनकी इच्छा को पूरा करते हुए परिवार ने उनके शरीर का दान किया गया है।

### आगामी 11 मई तक कर्मचारियों का धरना जारी रहेगा

# मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

कर्मचारियों ने कहा कि लंबे समय से उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। नगरपालिका में धरने पर बैठे सफाई कर्मचारी नारेबाजी करते हुए।



करनाल। हड़ताल को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

तरावड़ी नगर पालिका कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर आज नगरपालिका में दूसरे दिन भी धरना जारी रखा। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती तब तक वह अपना विरोध जारी रखेंगे। कर्मचारियों ने कहा कि लंबे समय से उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है, जिसके चलते उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। कर्मचारियों का कहना था कि कई बार अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सफाई कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी 11 तारीख तक उनका धरना जारी रहेगा। कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए मांग की कि कच्चे कर्मचारियों को तुरन्त प्रभाव से पक्का किया जाए। समान काम और समान वेतन दिया जाए। इसके लिए सफाई कर्मचारियों की संख्या में भी बढ़ोतरी की जाए। आज के धरने में सफाई दरोगा विक्रम, अक्षय, अनिल, अमित, राहुल, रवि, धीरज, मीना, सुनीता, मनजीत, संजय, जोगिन्द्र एवं बृजमोहन मौजूद रहे।

## आज झाड़ू उठाओ प्रदर्शन करेंगे सफाई कर्मचारी

■ नगरपालिका कर्मचारी संघ ने सफाई कर्मचारियों की हड़ताल 11 मई तक बढ़ाने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगरपालिका कर्मचारी संघ ने सफाई कर्मचारियों की हड़ताल 11 मई तक बढ़ाने की घोषणा की है। शुक्रवार को पूरे प्रदेश में "झाड़ू उठाओ" प्रदर्शन किए जाएंगे। करनाल में यह प्रदर्शन नगर निगम कार्यालय से जिला सचिवालय तक निकाला जाएगा। करनाल इकाई के प्रधान राजकुमार की अध्यक्षता में धरना जारी है। सर्व कर्मचारी संघ, सीटू और रिटायर्ड कर्मचारी संघ सहित कई संगठनों ने आंदोलन को समर्थन दिया है। राजकुमार ने कहा कि सात दिनों की हड़ताल के बावजूद सरकार ने कर्मचारियों से बातचीत करना जरूरी नहीं समझा। उन्होंने मांग की कि कोर्ट के आदेशों के अनुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य कार्यकारिणी के निर्णय के अनुसार हड़ताल 11 मई तक जारी रहेगी। यदि सरकार ने जल्द समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। रिटायर्ड कर्मचारी संघ के नेता कृष्ण शर्मा और धीरज सिंह रावत ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में सफाई कर्मचारियों की अहम भूमिका रहती है, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रही है। धरने में जगमाल सिंह, ओमप्रकाश सिहमार, ओमप्रकाश माटा, सुभाष प्रोचा, लाभ सिंह आर्य, सेवाराम बड़सर, धर्मवीर सरोहा आदि रहे।



### समाधान समारोह में आपसी सहमति से सुलझेंगे वाद

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा की अध्यक्षता में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने मैडिएटर्स के साथ बैठक की। बैठक में लंबित मुकदमों के समाधान के लिए चलाए जा रहे "समाधान समारोह 2026" अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सीजेएम मीनाक्षी यादव ने बताया कि इस विशेष ड्राइव का उद्देश्य पारंपरिक न्यायिक प्रक्रिया के बजाय संवाद, सहमति और मध्यस्थता के माध्यम से विवादों का निपटारा करना है, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत लंबित मुकदमों की पहचान कर संबंधित पक्षों से संपर्क किया जाएगा तथा उन्हें प्री लोक अदालत और सुलह बैठकों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर वर्चुअल और हाइब्रिड मोड के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेंस सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी, ताकि अधिक से अधिक मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान हो सके।



### समस्याओं का समय पर करें समाधान : रेणु बाला

**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने वीरवार को नगर निगम कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महापौर ने नागरिकों से सीधे संवाद करते हुए उनकी शिकायतों और सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल समस्याएं सुनना नहीं, बल्कि उनका प्रभावी और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। बैठक में प्रॉपर्टी टैक्स, जल कर, सीवरेज व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, भवन मानचित्र, अतिक्रमण, पार्कों के रखरखाव, सड़क चौड़ीकरण और विकास परियोजनाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों की गुणवत्ता और गति दोनों पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

## गोपाल कथा से समाज में प्रेम, सेवा और सद्भाव का संदेश : मेयर रेणु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



जहां श्रीकृष्ण का नाम होता है, वहां हर मन आनंद और प्रेम से भर जाता है। इसी भाव के साथ करनाल की मेयर रेणु बाला गुप्ता वीरवार को शहर के श्री गोपाल शिव मंदिर पहुंचीं। यहां वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय गोपाल जी की लीला चर्चा एवं श्री भक्त वत्सल गोपाल कथा के तीसरे दिन उन्होंने कथा श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मेयर ने ईश्वर प्रेम मिशन से पधारीं विदुषी साध्वी साध्वी दीपमाला का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कथा के उपरांत मेयर ने कहा कि प्रभु श्रीकृष्ण की लीलाएं हमें सेवा और समर्पण का मार्ग दिखाती हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि साध्वी दीपमाला के मुखारविंद से प्रवाहित कथा समाज में प्रेम, सेवा और सद्भाव का दिव्य संदेश पहुंचा रही है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारे को मजबूत करने के साथ-साथ आध्यात्मिक ऊर्जा भी प्रदान करते हैं। मेयर ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में सत्संग ही वह माध्यम है, जो व्यक्ति को सही दिशा दिखाता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने के लिए धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लें। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, शहरी मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी, पार्षद मोनिका गर्ग, अमृतलाल जोशी, ईश कुमार गुलाटी, राजेश अघी, संजीव मदान, मुरली गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### 15 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहेंगे मनरेगा मजदूर

**करनाल।** हरियाणा खेत मजदूर यूनियन ने मनरेगा मजदूरों की 15 मई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए गांव-गांव संपर्क अभियान शुरू किया है। अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के राज्य प्रधान जगमाल सिंह, हरियाणा खेत मजदूर यूनियन के राज्य महासचिव जिले सिंह पाल, जिला प्रधान धर्मपाल सिरसी और जिला संयोजक जगपाल राणा ने विभिन्न गांवों का दौरा कर मजदूरों से बातचीत की। नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार मनरेगा व्यवस्था में बदलाव कर ग्रामीण मजदूरों को रोजगार से वंचित कर रही है। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक हाजिरी और नई योजनाओं के जरिए मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि मनरेगा कानून को बहाल किया जाए, मजदूरों को 200 दिन का रोजगार और कम से कम 700 रुपये प्रतिदिन मजदूरी दी जाए।

## विकास की ओर बढ़ते कदम, 40 गांवों को बनाया जाएगा मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




डीसी डॉ आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत जिले के 40 गांवों को मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। इन गांवों में शिवधाम, फिरनी, स्ट्रीट लाइट, योग एवं व्यायामशाला, ई-लाइब्रेरी और ग्राम सचिवालय सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में कार्य शुरू नहीं हुए हैं, वहां प्रक्रिया जल्द प्रारंभ की जाए। डीसी ने निर्देश दिए कि जिन ग्राम पंचायतों के पास फंड उपलब्ध है, वहां कम खर्च वाले कार्य पंचायत फंड से पूरे करवाए जाएं। साथ ही जिन गांवों में भूमि की समस्या है, वहां पंचायतों से समन्वय कर भूमि बदलाव की प्रक्रिया अमल में लाई जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिले के प्रत्येक ब्लॉक में एक तालाब स्थापित किया जाए और यह कार्य 15 जून तक पूरा किया जाए। बैठक में सीईओ जिला परिषद अमित कुमार, डीडीपीओ कंचन लता, सभी बीडीपीओ और पंचायती राज विभाग के एसडीओ मौजूद रहे।

## बात कर हड़ताल खत्म करवाए सरकार : मुकेश

■ सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर सरकार पर निशाना साधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा युवा कांग्रेस ने प्रदेश में चल रही फायर कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रदेश वाइस चेयरमैन मुकेश चौधरी ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विकसित भारत की बात करते हैं, लेकिन जिन कर्मचारियों की मेहनत से देश आगे बढ़ता है, उन्हीं के अधिकार छीने जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले एक महीने से फायर कर्मचारी हड़ताल पर हैं, लेकिन सरकार ने उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। युवा कांग्रेस ने सरकार से मांग की कि फायर कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों की यूनियनों से तुरंत बातचीत कर जनहित में हड़ताल समाप्त करवाई जाए।

## 619 गोशालाओं को 228 करोड़ 58 लाख की चारा राशि जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल की मेयर रेणु बाला गुप्ता ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार द्वारा गौशालाओं के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में 619 पंजीकृत गौशालाओं के लिए 228 करोड़ 58 लाख रुपये की चारा अनुदान राशि जारी करना बेसहारा गोवंश के संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम है। मेयर ने कहा कि यह सहायता सीधे गौशालाओं के संचालन में उपयोग होगी, जिससे संसाधनों की कमी दूर होगी और गोवंश की बेहतर देखभाल सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी गौशाला अभाव में न रहे और इसी सोच के साथ लगातार आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

### निरंतर सहयोग से मजबूत हुआ तंत्र



मेयर ने बताया कि पिछले सवा 11 वर्षों में सरकार द्वारा 526 करोड़ 45 लाख रुपये से अधिक की सहायता गौशालाओं को दी जा चुकी है, जिससे उनका ढांचा मजबूत हुआ है और व्यवस्थाएं अधिक सुव्यवस्थित बनी हैं।

### चार लाख से अधिक गोवंश को मिल रहा सहारा

उन्होंने कहा कि प्रदेश की 697 पंजीकृत गौशालाओं में चार लाख से अधिक बेसहारा गोवंश का पालन-पोषण किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी सरकार गौसेवा के क्षेत्र में और प्रभावी कदम उठाएगी।

### जनता के नायक लेनिन की प्रतिमा तोड़ना निंदनीय : दरियाव सिंह

**करनाल।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप ने कोलकाता में व्लादिमीर इलिच लेनिन की प्रतिमा तोड़े जाने की घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि दुनिया में पहले भी कई देशों में लेनिन की प्रतिमाएं तोड़ी गईं, लेकिन लेनिन के विचारों को खत्म नहीं किया जा सका। उन्होंने कहा कि लेनिन आज भी मेहनतकश और सर्वहारा वर्ग के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने हुए हैं। कामरेड कश्यप ने कहा कि लेनिन की प्रतिमा तोड़ने वाले इतिहास में आते-जाते रहे हैं, लेकिन लेनिन के विचार आज भी दुनिया के हर कोने में जीवित हैं।

## आरोपी के कब्जे से 16 बोतल अवैध देसी शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी

जिला पुलिस करनाल द्वारा अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बुटाना के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी नीलोखेड़ी की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर उप निरीक्षक संदीप सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान पोल्ट्री एरिया नीलोखेड़ी, से आरोपी जोरा सिंह पुत्र मेवा सिंह निवासी नीलोखेड़ी, करनाल को काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 16 बोतल अवैध देसी शराब मार्का क्लब माल्टा बरामद की गई। अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि आरोपी अवैध रूप से देसी शराब की तस्करी कर आर्थिक लाभ कमाने का कार्य करता था। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत थाना बुटाना में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है।

जिला पुलिस करनाल ने आमजन से अपील की है कि अवैध शराब बिक्री अथवा किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत हजूर साहिब पहुंचे श्रद्धालु

■ रेलवे स्टेशन बोले सो निहाल सत श्री अकाल के उद्घोष से गूंज उठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत करनाल से रवाना हुए 200 तीर्थयात्री तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ पहुंच गए। हरियाणा के नौ जिलों से करीब 800 श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल हुए। हजूर साहिब नांदेड़ रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर श्रद्धालुओं का ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। रेलवे स्टेशन "बोले सो निहाल, सत श्री अकाल" के जयकारों से गूंज उठा। स्वागत के बाद सभी श्रद्धालुओं को निर्धारित होटलों में ठहराया गया। श्रद्धालु सायंकाल तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब गुरुद्वारे में मत्था टेकेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 5 मई को कुरुक्षेत्र से इस विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। करनाल से यात्रियों को हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने रवाना किया था।

**योग कार्यक्रम** 1452 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने किया सामूहिक योग अभ्यास

## योग सुरक्षा बलों के लिए विकल्प नहीं बल्कि आवश्यकता : डॉ. जयदीप आर्य

कार्यक्रम हरियाणा योग आयोग और हरियाणा पुलिस अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा पुलिस अकादमी के नेताजी सुभाष चंद्र बोस परेड ग्राउंड में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत वंदे मातरम् से हुआ तथा मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आयोजन की शुरुआत की गई। यह कार्यक्रम हरियाणा योग आयोग और हरियाणा पुलिस अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें सुरक्षा बलों और पुलिस कर्मियों के लिए योग की उपयोगिता पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। समापन समारोह में हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. जयदीप आर्य ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में आयोग के उपाध्यक्ष रोशन लाल और रजिस्ट्रार डॉ. राजकुमार उपस्थित रहे। इसके अलावा आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ. अमित पुंज, जिला योग समन्वयक डॉ. राजपाल तथा योग सहायक विपिन ग्रोवर भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। अकादमी की डीएसपी गीतिका ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने हरियाणा पुलिस अकादमी की निदेशक कला रामचंद्रन की ओर से मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर डॉ. जयदीप आर्य ने डीएसपी गीतिका को योग से संबंधित कॉफी टेबल बुक भी भेंट की। अपने संबोधन में डॉ. जयदीप आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कर्मयोगी हैं और हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि योग को केवल अभ्यास नहीं बल्कि जीवनशैली के रूप में अपनाने की आवश्यकता है।

### परेड ग्राउंड में दिखा उत्साह और अनुशासन

डॉ. जयदीप आर्य ने बताया कि उनके मार्गदर्शन में कुल 1452 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित प्रोटोकॉल का सामूहिक अभ्यास किया। प्रातःकालीन परेड ग्राउंड अनुशासन और ऊर्जा से ओत-प्रोत दिखाई दिया। उन्होंने स्वयं उपस्थित होकर प्रशिक्षणार्थियों को योग की बारीकियों और इसके अनुशासनात्मक महत्व की जानकारी दी।

उन्होंने पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए निदेशक कला रामचंद्रन और अकादमी प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### 3 मई से शुरू हुआ था प्रशिक्षण शिविर

तीन मई से शुरू हुए इस शिविर की जिम्मेदारी नोडल ऑफिसर एवं उप पुलिस अधीक्षक मनीषा ने संभाली। पांच दिनों तक आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ. अमित पुंज और अकादमी के योग प्रशिक्षक मुख्य सिपाही अनिल कुमार ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का सघन अभ्यास करवाया।

## खबर संक्षेप

### जानलेवा हमलावर काबू

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस ने मतालौडा अनाज मंडी में दुकान के उपर कमरे में दो पक्षों की पंचायत में कहासुनीं के बाद फायरिंग कर जीतेंद्र पर जानलेवा हमला करने मामले में छठे आरोपी कौशल निवासी गांव कवि जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार विजय ने बताया कि उपरोक्त केस में थाना मतलौडा में गांव मतलौडा निवासी जितेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज है।

### चोरी का आरोपी काबू

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस ने बबैल रोड पर राजाखेड़ी गोशाला के पास खेत में बने खाद फार्म से इनवर्टर और बैटरी चोरी करने वाले आरोपी राहुल पुत्र मलखान निवासी उझा रोड, साई कॉलोनी, पानीपत को गिरफ्तार किया है। थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना किला में यमुना एन्क्लेव निवासी अमित चौपड़ा की शिकायत पर केस दर्ज है।

### रक्तदान कैंप आज

**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में जन आवाज सोसाइटी द्वारा आठ मई को रेड क्रॉस अस्पताल के ब्लड बैंक में सुबह नौ से दोपहर सात बजे तक आयोजत होगा। यह जानकारी जन आवाज सोसाइटी के प्रधान जोगिंदर स्वामी ने देते हुए युवाओं से रक्तदान की अपील की है।

### कॉलेज में प्रवेश शुरू

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज पानीपत में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। कॉलेज प्रशासन द्वारा प्रवेश से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए कॉलेज परिसर में एडमिशन हेल्प डेस्क स्थापित की गई है तथा अनुभवी काउंसलर्स को नियुक्त किया गया है, जो विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को पाठ्यक्रम चयन, कैरियर मार्गदर्शन एवं प्रवेश प्रक्रिया की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान कर रहे हैं।

### प्रशासन ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** पानीपत के जिला सचिवालय में जनता समाधान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जनसुनवाई की। डॉ. दहिया ने कहा कि जनता समाधान शिविर सरकार और आमजन के बीच विश्वास का मजबूत माध्यम बन रहे हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, एसडीएम मनदीप कुमार, नगराधीश टीनू पोसवाल, डीआरओ कन्व लाकड़ा, डीडीपीओ राजेश शर्मा, डीएसपी सतीश वत्स आदि उपस्थित रहे।

### पात्रों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**पानीपत।** डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि सरकार की ओर से पारंपरिक एवं विलुप्त होती कला विधाओं को संरक्षित करने के उद्देश्य से विशेष छात्रवृत्ति योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत उन गुरुओं, संगीतकारों और शिष्यों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी जो पारंपरिक कलाओं का प्रशिक्षण दे रहे हैं अथवा सीख रहे हैं। विभाग ने इसको लेकर आवेदन मांगे है।

### हथियार जमा करने के आदेश

**पानीपत।** दस मई को बापौली ब्लॉक सदस्य पंचायत समिति के होने वाले उप चुनाव को लेकर जिलाधीश डॉ. वीरेंद्र दहिया ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत सभी आर्म्स लाइसेंस होल्डर को अपने हथियार अपने संबंधी पुलिस स्टेशन और अधिकृत शस्त्र डीलरों के पास जमा कराने के आदेश दिए है।

### का. विजय का निधन

**पानीपत।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता का.विजय कुमार सपरा का 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। विजय के निर्धन पर भाकपा जिला सचिव पवन सैनी आदि ने शोक व्यक्त किया है। सैनी ने बताया कि का. विजय कुमार सपरा विद्यार्थी काल से ही छात्र आंदोलनों में सक्रिय रहे और वे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े।

### कमेटी सचिव को सौंपा ज्ञापन

**पानीपत।** अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने किसानों से खरीद की गई गेहूं की फसल के बकाया पैसों के तुरंत भुगतान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम पानीपत मार्केट कमेटी सचिव के माध्यम से लिखित ज्ञापन पत्र भेजा है।

---

### अपराधियों से सख्ती से निपट रही है भाजपा सरकार

# कांग्रेस झूठ की राजनीति कर जनता को गुमराह कर रही: मंत्री ढांडा

**प्रदेश में बिना भेदभाव के विकास कार्य जारी, हरियाणा में गुणवत्ता वाली तरक्की नहीं चाहती कांग्रेस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत



पानीपत। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा जनसुनवाई करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस झूठ की राजनीति कर जनता को गुमराह करने की चेष्टा कर रही है। जबकि हरियाणा में भाजपा सरकार जनता की निष्काम सेवा करते हुए बिना किसी भेदभाव के प्रदेश भर में समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। वहीं, कांग्रेस को हरियाणा का गुणवत्ता वाला विकास हजम नहीं हो रहा है। ढांडा ने वीरवार को जहां भाजपा कार्यालय श्याम कमल में खुला दरबार लगा कर जनसुनवाई की और समस्याओं के हल को संबंधी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं मीडिया से बातचीत में ढांडा ने सांसद दीपेंद्र हुड्डा के आरोपों को सीरे से खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता यह कभी नहीं बताएंगे कि भाजपा सरकार में अगर कोई अपराधी फोन पर धमकी देने का दुस्साहस करता है, तो वह अगले 24 घंटे के भीतर सलाखों के पीछे होता है। वहीं, कांग्रेसी सिर्फ झूठ की राजनीति कर रहे है। कांग्रेसी गलत आंकड़ें पेश कर जनता को गुमराह करने की चेष्टा करते है। जबकि सच्चाई यह है कि हरियाणा पुलिस अपराधियों से सख्ती से निपट रही है। मंत्री ढांडा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी राजनीतिक दला से जुडे लोग, गुंडागर्दी और जनता को डरा-धमका कर देश के विभिन्न राज्यों में सत्ता हथियाते थे। वहीं सत्ता में रहते हुए जनता का शोषण करते थे।

मंत्री ढांडा ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने अपनी सरकार के दौरान हमेशा नृशंस हत्याएं करवाई हैं। वहां बहन-बेटियों की इज्जत को सड़कों पर नीलाम किया गया है। झूठे वादे कर जनता को छला गया और गैंग बनाकर लोगों को भय के साये में जीने पर मजबूर किया गया। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा कार्यकर्ताओं पर बेइंतहा अत्याचार किए गए। उन्होंने कहा कि जल्द ही बंगाली में भाजपा की सरकार बनेगी और वहां रामराज की स्थापना की जाएगी। इस अवसर पद उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट समेत पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# हैदराबाद पहुंची ग्रीनमैन दलजीत की प्रकृति बचाओ-सम्मान पाओ मुहिम

**युवाओं से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया**

- प्रशिक्षण केंद्र, मौला अली, हैदराबाद में 1500 से अधिक पौधे रोपे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार के द्वारा देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में इको क्लब के अंतर्गत चलाए जा रहे "प्रकृति बचाओ-सम्मान पाओ अभियान" के तहत हर्बल बॉटनिकल गार्डन में हैदराबाद से आकर इंस्पेक्टर राकेश कुमार, रेलवे सुरक्षा बल व प्रधानाध्यापक, प्रशिक्षण केंद्र मौला अली, हैदराबाद ने अपने पिता पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य बलबीर सिंह के साथ निम्बू और अमरूद का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार की


पानीपत। ग्रीनमैन प्रो .दलजीत व पर्यावरण प्रेमी पौधे रोपते हुए। फोटो : हरिभूमि

पर्यावरण संरक्षण मुहिम से प्रभावित होकर प्रशिक्षण केंद्र मौला अली, हैदराबाद में 1500 से अधिक पौधे लगवा चुके हैं। राकेश कुमार ने कहा कि आज बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के दौर में प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार द्वारा चलाया जा रहा "प्रकृति बचाओ-सम्मान पाओ अभियान" समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई चेतना पैदा कर रहा है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया और प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधे की जिम्मेदारी ले ले, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि "प्रकृति बचाओ-सम्मान पाओ अभियान" का उद्देश्य लोगों को प्रकृति से जोड़ना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।

### चोरी की बाइक के साथ पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने अनाज मंडी के पास अनमोल पुत्र हरविंद्र निवासी पठान मुहल्ला को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में गंगापुरी रोड निवासी भीम पुत्र राकेश की शिकायत पर केस दर्ज है।

### नवयुग स्कूल में मनाई रबिंद्र नाथ टैगोर जयंती

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में रबिंद्र नाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के डायरेक्टर श्री बी डी गाबा जी, प्रधानाचार्य डॉ. देवेन्द्र अरोड़ा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी एवं स्टाफ के सभी सदस्यों ने गुरुदेव की प्रतिमा पर पुष्पमाला एवं पुष्प अर्पित किए।

---


पानीपत। नगर निगम के वार्ड बीस के पार्षद तरूण गांधी ट्यूबवेल का शुभारंभ करते हुए।

# सावन पार्क में नवनिर्मित ट्यूबवेल का विधिवत उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

नगर निगम के वार्ड बीस के पार्षद तरुण गांधी ने सावन पार्क में नवनिर्मित ट्यूबवेल का विधिवत उद्घाटन किया। इस नए ट्यूबवेल के शुरू होने से पिछले लंबे समय से चली आ रही पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान हो गया है। पार्षद तरुण गांधी द्वारा रिबन काटकर और पूजा-अर्चना के साथ ट्यूबवेल को जनता को समर्पित किया गया।

वहीं, उन्होंने नागरिकों से पेयजल का उचित प्रयोग करने, संरक्षण करने, बिना वजह पेयजल का बहाव नहीं करने की अपील की। वहीं, गांधी ने दावा किया कि वार्ड बीस में गुणवत्ता वाला चहुंमुखी विकास चल रहा है। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति और भारी संख्या में वार्ड निवासी उपस्थित रहे।

# उपायुक्त ने सचिन को सम्मानित किया

- नारायणा गांव के सचिन ने नहर में डूब रहे पांच लोगों की जान बचाई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत


पानीपत। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, सचिन को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

मानवता, साहस और सेवा भावना की अनूठी मिसाल पेश करने वाले नारायणा निवासी सचिन को जिला प्रशासन की ओर से गुरुवार को उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने अपने ऑफिस में प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया,डॉ. दहिया ने सचिन के अदम्य साहस की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। स्मरणीय है कि सचिन ने 22 मार्च को अपनी जान की परवाह किए बिना वेस्टर्न यमुना लिंक नहर में डूब रही कार में फंसे एक ही परिवार के पांच सदस्यों की जान बचाकर मानवता का परिचय दिया था। इधर, डॉ. दहिया ने कहा कि सचिन जैसे युवा मानवता की सच्ची मिसाल बनकर सामने आते हैं। वहीं, किसी अनजान व्यक्ति की जान बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालना बहुत बड़ा साहसिक कार्य है और यह केवल वही व्यक्ति कर सकता है जिसके भीतर संवेदनशीलता और इंसानियत जिंदा हो।

---

**सेवाभाव** | विधायक विज ने गोशाला में चारा खिला कर गो सेवा की

# धरती पर देवी-देवताओं का रूप है गाय: विज

- विधायक ने श्री गोशाला सोसाइटी को 53 लाख रुपये सहायतार्थ भेंट किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत


पानीपत। विधायक प्रमोद विज, प्रो. रामनिवास गुप्ता को चेक भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

पानीपत शहरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रमोद कुमार विज ने गोसेवा को श्री गोशाला सोसाइटी को 53 लाख रुपये की सहायता राशि भेंट की। वहीं, विधायक विज ने गोशाला में चारा खिला कर गो सेवा भी की। दूसरी ओर, विधायक प्रमोद विज ने गाय, धरती पर सभी देवी व देवताओं का स्वरूप है। इसी लिए कहा जाता है कि सभी देवी व देवता गाय में विराजमान है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में गोसंरक्षण और गोसेवा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा गोशालाओं को आर्थिक सहायता, पशुओं के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधाएं और चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निरंतर योजनाएं लागू की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हर परिवार को गाय का पालन, सेवा व रक्षा करनी चाहिए। यदि निजी कारणों से गाय का पालन नहीं कर सकते तो गोशाला में गाय को गोद ले और गाय के पालन को गोशाला को आर्थिक मदद दें। इस अवसर पर गौशाला सोसाइटी के प्रधान रामनिवास गुप्ता, सतीश गोयल, पार्षद रॉकी गहलोत, अजय शर्मा, सचिन सिंगला, चेतन तनेजा, हरीश कटारिया, सुनील सोनी, राहुल विज, तरसेम गर्ग, अमित पंडित, गोपाल कन्नौजिया, प्रदीप योगी आदि गोभक्त व सेवक उपस्थित रहे।

---

## न्यूज डायरी



### रक्तदान करना हर युवा का मानवीय कर्तव्य: डॉ. भूपेंद्र

**पानीपत।** द किडनी हॉस्पिटल, हुडा सेक्टर-18 के संचालक डॉ भूपेंद्र कादियान ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है, नागरिकों द्वारा दान किए गए रक्त से ही रोगियों व हादसों में घायल हुए लोगों की जान बचाई जाती है। वहीं, स्वस्थ्य नागरिक साल में दो बार व युवा वर्ग तीन बार रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करना हर स्वस्थ्य नागरिक का मानवीय कर्तव्य है। डॉ कादियान, वीरवार को अपने हॉस्पिटल में प्रेस वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि द किडनी हॉस्पिटल में भारतीय सेना के लिए दस मई को मातृ दिवस पर 24वें हैल्पेज ऑर्फन्स रक्तदान महाशिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ दीप्ति जैन, मनन सिंगला, अर्जुन काठपाल, गगनदीप सिंह, विवेक सचदेवा आदि उपस्थित रहे।



### समालखा हलके को विकसित किया जाएगा: विजय

**समालखा।** टीम विधायक मनमोहन भड़ाना आपके द्वार के अंतर्गत समालखा विधायक के पीए विजय शेखर व सारिक टीम के साथ विधान सभा के गांवव नवादाआर पहुंची और ग्रामीणों की शिकायतों की जानकारी लेकर संबंधी विभाग को निराकरण के लिए भेजा। इधर, विधायक पीए विजय शेखर ने बताया कि विधायक मनमोहन भड़ाना के प्रयासों से गांव नवादा आर में 9.96 लाख, की लागत से राजकीय उच्च विद्यालय मे चार दीवारी, 4.97 लाख की लागत से राजकीय प्राइमरी पाठशाला की चारदीवारी, पांच लाख रुपये की लागत से एससी चौपाल से लेकर पीडब्ल्यूडी रोड तक, इंटरलॉक गली का निर्माण, 16.80 लाख से पीडब्ल्यूडी रोड से शमशान घाट तक इंटरलॉक रोड का निर्माण, पीडब्ल्यूडी रोड से सरबु सरदार के घर तक इंटरलॉक गली का निर्माण, कब्रिस्तान की चार दीवारी व हैंडपंप लगवाया जा रहा है।



### बच्चों को गीता का ज्ञान, योग व ध्यान की विस्तार से दी जानकारी

**समालखा।** गीता परिवार उत्तरांचल की प्रभारी शिक्षाविद् मीनाक्षी गुप्ता की देखरेख में सर छोटू राम हेरिटेज स्कूल नांगल खेड़ी में चल रहे चार दिवसीय बाल संस्कार शिविर का द्वितीय दिवस का शुभारंभ प्रार्थना व बाल गीत के साथ जिला प्रभारी ममता वर्मा के द्वारा किया गया। वहीं शिविर में बच्चों को गीता का ज्ञान, योग व ध्यान की विस्तार से जानकारी दी गई। इधर, गीता सेवी हिमांशु व गोविंद चौधरी द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों को रचनात्मक प्रोत्साहन मिला। जबकि गीता सेवी प्रदीप द्वारा विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार, प्राणायाम व ध्यान जैसी अनेक शारीरिक गतिविधियां करवाई गई। इधर, गीता सेवी सोनू रानी द्वारा बच्चों को गीता ज्ञान के मूलभूत सिद्धांत, जीवन में कभी हार ना मानना, यही गीता हमें सिखाती है, ऐसा बहुत सारे उदाहरणों के माध्यम से समझाया। इस अवसर पर गीता सेवी मुकेश देशवाल, राजेश मलिक व संजय शर्मा, स्कूल के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### आर्य कॉलेज के एथलीट कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में छाए

**पानीपत।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के द्वारा आयोजित एनुअल एथलेटिक मीट 2025-26 में आर्य कॉलेज के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन पांच व छह मई को कुरुक्षेत्र के गुरु द्रोणाचार्य स्टेडियम करवाया गया। वहीं, निशांत ने 1500 व 5000 मीटर में रजत, विजय ने 800 मीटर में स्वर्ण, विपिन ने 5000 मीटर में स्वर्ण, निखिल ने 1500 मीटर में रजत, रितिका ने लंबी कूद में स्वर्ण, आंचल में 200 मीटर में स्वर्ण, खुशी ने हैमर थ्रो में स्वर्ण, ऋषव ने 100 मीटर रजत पदक जीते। वहीं, रिले दौड में निशांत, अंकुर, विजय, निखिल ने रजत पदक व विनय, अंकुर, निखिल, ऋषव ने कांस्य पदक जीते। इधर, प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने विजेताओं को बधाई व उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया है। इस अवसर पर उपाचार्या डॉ अनुराधा सिंह, शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश टूर्ण, राजेंद्र देशवाल, राजा तोमर, सुनील पहल, अनूप गुलिया, रजनी आदि उपस्थित रहे।

### बहला-फुसलाकर पन्द्रह वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म किया

**पानीपत।** पानीपत निवासी पंद्रह वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर कर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। इधर, थाना किला पुलिस ने पीडित लकडी के पिता की शिकायत पर आरोपी परवेज पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 65(1) व पॉस्को एक्ट की धारा छह के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने पीडित लडकी के बयान दर्ज किए और उसकी मेडिकल जांच करवाई। इधर, आरोपी परवेज फरार है और पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही है।

